# झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची
# JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI

## PROGRAMME FOR ANNUAL SECONDARY & INTERMEDIATE ARTS, SCIENCE & COMMERCE THEORY / PRACTICAL EXAMINATION, 2016
## वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट (कला,विज्ञान एवं वाणिज्य) सैद्धान्तिक/व्यावहारिक परीक्षा, 2016

**विज्ञप्ति संख्या - 78/2015**

**परीक्षा प्रारम्भ की तिथि : 16.02.2016**

**माध्यमिक / Secondary** — **इंटरमीडिएट / Intermediate**

| Date & Days | 1st Sitting 9.45 A.M. - 1.00 P.M. | 2nd Sitting 2.00 P.M. - 5.15 P.M. |
|---|---|---|
| 16.02.2016 Tuesday | Hindi (Course A & Course B)<br>हिन्दी "ए" और हिन्दी "बी" | Sociology - I.A.<br>Geology - I.Sc. |
| 17.02.2016 Wednesday | Music<br>संगीत | Economics - I.Sc. & I.Com.<br>Anthropology - I.A. |
| 18.02.2016 Thursday | Mathematics<br>गणित | Compulsory Core Language Hindi 'A', Hindi 'B' + Matribhasha & English 'A' - I.Sc. & I.Com. |
| 19.02.2016 Friday | Commerce/Home Science/I.I.T.<br>(9.45AM - 12.30PM)(केवल IIT)<br>वाणिज्य/गृह विज्ञान/परिचियात्मक सूचना प्रौद्योगिकी | Compulsory Core Language Hindi 'A', Hindi 'B' + Matribhasha & English 'A' - I.A. |
| 20.02.2016 Saturday | Science (विज्ञान)<br>(9.45 A.M. - 12.30 P.M.)<br>**(केवल विज्ञान विषय के लिए)** | Biology (Botany+Zoology) - I.Sc.<br>Geography - I.A.<br>Business Mathematics - I.Com. |
| 23.02.2016 Tuesday | Urdu/Bengali/Oriya<br>उर्दू/बंगला/उड़िया | Computer Science - I.Sc. & I.Com.<br>Philosophy - I.A. |
| 24.02.2016 Wednesday | English<br>अंग्रेजी | Economics - I.A. |
| 25.02.2016 Thursday | Science Practical Written Exam.<br>विज्ञान व्यवहारिक लिखित परीक्षा<br>**(9.45 A.M. to 11.30 A.M.)** | Physics - I.Sc.<br>Accountancy - I.Com. |
| 26.02.2016 Friday | Arabic/Persian/Ho/Mundari/Santhali/Oraon<br>अरबी/फारसी/हो/मुण्डारी/संथाली/उरांव | History - I.A. |
| 27.02.2016 Saturday | Sanskrit<br>संस्कृत | Chemistry - I.Sc.<br>Home Science - I.A. |
| 29.02.2016 Monday | Kharia/Khortha/Kurmali/Nagpuri/Panch Pargania.<br>खड़िया/खोरठा/कुरमाली/नागपुरी/पंच परगनिया | Business Studies - I.Com.<br>Psychology - I.A. |
| 01.03.2016 Tuesday | Social Science<br>सामाजिक विज्ञान | Mathematics/Statistics - I.A.,I.Sc. & I.Com. |
| 02.03.2016 Wednesday | | Entrepreneurship - I.Com.<br>Political Science - I.A. |
| 03.03.2016 Thursday | | Elective Language (Compulsory) - I.A.<br>Additional Language - I.Sc. & I.Com. |
| 04.03.2016 Friday | | Music - I.A. |
| 05.03.2016 Saturday | | Vocational - I.A.,I.Sc. & I.Com. |

**+2 इंटर स्तर के गैर-भाषायी विषयों की परीक्षा में देवनागरी/रोमन/बंगला/उर्दू/उड़िया (Hindi/English/Bangla/Urdu/Oriya)लिपि में ही लिखी गई उत्तरपुस्तिकायें मान्य होगी। Biology एवं HNB-MB के छात्र/छात्राओं द्वारा दो अलग-अलग सादी उत्तरपुस्तिका का उपयोग किया जाएगा। उक्त दोनों उत्तरपुस्तिका की क्रम संख्या उपस्थिति पत्रक में भी दर्ज करना अनिवार्य होगा।**

### आवश्यक निर्देश

झारखण्ड अधिविद्य परिषद् द्वारा आयोजित वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा, 2016 में केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, दिल्ली (C.B.S.E., Delhi) के अनुरूप झारखण्ड सरकार, मानव संसाधन विकास विभाग के पत्रांक 6/अ 8–17/2006/202 के द्वारा अनुमोदित पत्रानुसार परीक्षार्थियों को परीक्षा के तनाव से मुक्त करने के लिए माध्यमिक परीक्षा एवं इंटरमीडिएट परीक्षा के प्रश्न पत्र अवलोकन के लिए 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जायेगा। तदनुसार, माध्यमिक परीक्षा के लिए 9.45 A.M. में घंटी होगी, परीक्षार्थी अपने कक्ष में जायेंगे, प्रश्न सह उत्तरपुस्तिकाएँ वितरित की जायेंगी, 15 मिनट तक परीक्षार्थी प्रश्न पत्र पढ़ेंगे तथा 10.00 A.M. में पुन: घंटी होते ही परीक्षार्थी उत्तर लिखना शुरू कर देंगे और परीक्षा 01.00 P.M. बजे समाप्त होगी।

इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए 02.00 P.M. बजे घंटी होगी, परीक्षार्थी अपने कक्ष में जायेंगे, प्रश्न पत्र एवं उत्तरपुस्तिका वितरित किए जायेंगे। 15 मिनट तक परीक्षार्थी प्रश्न पत्र पढ़ेंगे तथा 2.15 P.M. में घंटी होते ही परीक्षार्थी प्रश्नों का उत्तर लिखना शुरू करेंगे तथा परीक्षा 05.15 P.M. बजे समाप्त होगी।

(माध्यमिक परीक्षा **दिनांक 16.02.2016 से 01.03.2016 तक प्रथम पाली** में एवं इंटरमीडिएट परीक्षा **दिनांक 16.02.2016 से 05.03.2016 तक द्वितीय पाली** में समाप्त होगी ।)

(1) प्रवेश पत्रों का वितरण **08.02.2016 से इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए** परिषद् कार्यालय, राँची, दुमका एवं मेदिनीनगर से किया जाएगा। **माध्यमिक परीक्षा** के लिए प्रवेश पत्रों, रोलशीट एवं परीक्षा संबंधित अन्य प्रपत्रों का वितरण जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय से दिनांक **09.02.2016** से किए जायेंगे। विद्यालयों/महाविद्यालयों के प्रधानों एवं केन्द्राधीक्षकों से अनुरोध है कि वे स्वयं अथवा अधिकृत दूत के द्वारा उक्त सामग्री निर्धारित स्थान से प्राप्त कर लेंगे।

(2) माध्यमिक परीक्षाओं के लिए प्रायोगिक परीक्षा दिनांक **02.03.2016 से 12.03.2016** तक संबंधित विद्यालय के द्वारा ली जायेगी। विद्यालय प्रधानों से अनुरोध है कि अपने विद्यालय की प्रायोगिक परीक्षा का प्रश्न पत्र एवं सादे अंक पत्र तथा आंतरिक मूल्यांकन से संबंधित सादा अंक पत्र संबंधित जिला के जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय से विशेष दूत के द्वारा निश्चित रूप से दिनांक **27.02.2016 से 01.03.2016** तक प्राप्त कर लेंगे। प्रायोगिक परीक्षा हेतु उत्तर पुस्तिकाओं की व्यवस्था संबंधित विद्यालयों द्वारा करायी जायेगी। सभी विद्यालय प्रधानों के द्वारा प्रायोगिक परीक्षा एवं सामाजिक विज्ञान तथा गणित का आंतरिक मूल्यांकन के प्राप्तांक दिनांक **18.03.2016** तक जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में अवश्य ही प्राप्त करा देंगे। मानक अंक पत्रक (**Standard Marks Foil**) में अंक नहीं रहने पर उन्हें (छात्रों को)अनुपस्थित (**ABSENT**) माना जायेगा, बाद में उनके किसी भी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। जिला शिक्षा पदाधिकारी सभी विद्यालयों से प्राप्त प्रायोगिक परीक्षा एवं आंतरिक मूल्यांकन के प्राप्तांक विशेष दूत के माध्यम से दिनांक **21.03.2016** को अपराह्न 04.30 बजे तक परिषद् कार्यालय में अवश्य भेज देंगे। इस तिथि के उपरान्त प्रायोगिक परीक्षा के अंक पत्रक आदि परिषद् कार्यालय में प्राप्त नहीं किये जायेंगे, जिसकी सारी जिम्मेवारी संबंधित जिला शिक्षा पदाधिकारी की होगी।

(3) इन्टरमीडिएट विज्ञान संकाय के लिए प्रायोगिक परीक्षा की तिथि **02.03.2016 से 05.03.2016** तक प्रथम पाली में एवं **08.03.2016 से 18.03.2016** तक दोनों पालियों में आयोजित की जाएगी। वाणिज्य एवं कला संकाय के लिए प्रायोगिक परीक्षा की तिथि **08.03.2016 से 18.03.2016** तक दोनों पालियों में आयोजित की जाएगी।

परिषद् से प्रायोगिक परीक्षा से संबंधित सामग्री प्राप्त करने की तिथि **27.02.2016 से 01.03.2016** तक।

परिषद् कार्यालय में प्रायोगिक मानक अंक पत्रक, उत्तर पुस्तिकाएँ, उपस्थिति विवरणी आदि जमा करने की तिथि **21.03.2016** के अपराह्न 04.30 बजे तक। इस निर्धारित तिथि के उपरान्त प्रायोगिक अंक पत्रक, उत्तरपुस्तिकाएँ, उपस्थिति विवरणी आदि परिषद् में प्राप्त नहीं किये जायेंगे, जिसकी सारी जिम्मेवारी संबंधित +2 विद्यालय/महाविद्यालय के प्राचार्य की होगी।

**नोट:- डाक/कुरियर द्वारा भेजा गया प्रायोगिक अंक पत्रक वगैरह स्वीकार नहीं किया जाएगा।**

**अध्यक्ष के आदेश से,**
**ह./-**
**( मोहन चाँद मुकिम )**
**सचिव,**
**झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची।**

JAC/ गो./6500/14/SECY/389/15. Dt. 31/12/15
D.O.P. 01.01.2016

12 x 33